भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं० 5347

दिनांक 25.07.2019 को उत्तर दिए जाने के लिए

साफ पेयजल की आपूर्ति

5347. श्री दीपक बैजः

क्या **जल शक्ति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार ने गत पांच वर्षों के दौरान किन–किन योजनाओं के अंतर्गत ग्रामीण निवास स्थानों में खपत के लिए साफ पेयजल की आपूर्ति की है/प्रदान किया है;

(ख) क्या सरकार का वर्तमान में सूखे की स्थिति को देखते हुए ऐसी योजनाओं की गति बढ़ाने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) ऐसे राज्यों/जिलों में कितने निवास–स्थानों पर दूषित जल है जहां पाइपलाइनों के द्वारा पेयजल की आपूर्ति की जाती है और देश में ऐसे कितने निवास–स्थानों पर अब तक पाइपलाइन नहीं बिछाए गए हैं; और

(घ) देश में किन राज्यों के भूजल में नाइट्रेट, फॉस्फेट, कार्बन टॉक्सिसिटी, पॉलिसाइक्लिक एरोमेटिक हाइड्रोकार्बन, फ्लोराइड, बोरोन तत्व और आर्सेनिक पाए जाते हैं?

उत्तर

राज्य मंत्री, जल शक्ति मंत्रालय

(श्री रतन लाल कटारिया)

(क) और (ख) जल राज्य का विषय है। राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजलापूर्ति परियोजनाओं/स्कीमों की आयोजना, डिजाइनिंग, अनुमोदन और कार्यान्वयन के लिए सक्षम हैं। एकीकृत प्रबंधन सूचना प्रणाली (आईएमआईएस) पर राज्यों द्वारा दी गई सूचना के अनुसार पिछले पांच वर्षों के दौरान पूरी की गई स्कीमों का विवरण **अनुलग्नक-I** पर है। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, (डीडीडब्ल्यूएस), जल शक्ति मंत्रालय ने राज्यों को निदेश दिया है कि जो चालू स्कीमें पूर्ण होने की अग्रिम चरण पर हैं उन सब को पूरा किया जाए जिससे अंततः पेयजल की उपलब्धता के कवरेज में सुधार लाने में सहायता मिलेगी और देश में सूखे जैसी स्थिति कम होगी।

(ग) और (घ) एकीकृत प्रबंधन सूचना प्रणाली (आईएमआईएस) पर राज्यों द्वारा दी गई सूचना के अनुसार (i) नलजलापूर्ति की सुविधा सहित तथा नलजलापूर्ति की सुविधा के बिना सुरक्षित पेयजल प्राप्त करने वाले गुणवत्ता प्रभावित बसावटों का राज्य-वार विवरण **अनुलग्नक-II** पर है, और आर्सेनिक, फ्लोराइड और नाइट्रेट से प्रभावित ग्रामीण बसावटों की राज्य-वार संख्या **अनुलग्नक-III** पर है। अन्य विवरणों का रख-रखाव इस मंत्रालय द्वारा नहीं किया जाता है।

अनुलग्नक-I

दिनांक 25.07.2019 को उत्तर दिए जाने के लिए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 5347 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित विवरण						
पूर्ण हो चुकीं स्कीमों की संख्या						
क्र.सं.	**राज्य नाम**	**2014-15**	**2015-16**	**2016-17**	**2017-18**	**2018-19**
1	अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह	11	3	0	0	0
2	आंध्र प्रदेश	3399	2297	834	417	29
3	अरूणाचल प्रदेश	548	349	194	345	82
4	असम	10173	8448	12729	3264	683
5	बिहार	7400	2247	103	207	110
6	छत्तीसगढ़	31929	23185	2887	1504	837
7	गोवा	0	0	0	0	0
8	गुजरात	5062	3554	1681	918	459
9	हरियाणा	917	915	210	195	281
10	हिमाचल प्रदेश	1078	694	604	374	156
11	जम्मू एवं कश्मीर	3303	2589	385	603	139
12	झारखंड	30482	11921	1541	1338	291
13	कर्नाटक	30974	32398	8969	11283	2612
14	केरल	55	31	23	10	1
15	मध्य प्रदेश	35018	29671	15350	3450	2679
16	महाराष्ट्र	14314	10730	5493	1871	1359
17	मणिपुर	412	600	356	440	326
18	मेघालय	1068	688	401	1056	436
19	मिजोरम	97	18	34	39	37
20	नागालैंड	537	509	110	91	38
21	ओडिशा	39448	46661	4859	680	880
22	पुडुचेरी	0	0	1	0	0
23	पंजाब	780	429	293	275	154
24	राजस्थान	5483	3277	1401	930	226
25	सिक्किम	443	182	99	130	167
26	तमिलनाडु	7318	2362	200	128	7
27	तेलंगाना	3248	2562	1175	986	72
28	त्रिपुरा	4513	2321	445	882	369
29	उत्तर प्रदेश	48584	17503	265	97	8
30	उत्तराखंड	441	426	222	378	210
31	पश्चिम बंगाल	14045	5112	561	7466	66
	कूल	**301080**	**211682**	**61425**	**39357**	**12714**

(स्रोत:आईएमआईएस,डीडीडब्ल्यूएस)

अनुलग्नक -II

दिनांक 25.07.2019 को उत्तर दिए जाने के लिए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 5347 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित विवरण			
क्र.सं.	राज्य	गुणवत्ता प्रभावित बसावटों की संख्या	
		पीडब्ल्यूएस से युक्त	पीडब्ल्यूएस के बिना
1	अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह	0	0
2	आंध्र प्रदेश	442	30
3	अरूणाचल प्रदेश	19	8
4	असम	4,713	5,055
5	बिहार	895	2,914
6	छत्तीसगढ़	193	319
7	गोवा	0	0
8	गुजरात	0	0
9	हरियाणा	87	0
10	हिमाचल प्रदेश	0	0
11	जम्मू एवं कश्मीर	11	0
12	झारखंड	185	348
13	कर्नाटक	437	15
14	केरल	325	2
15	मध्य प्रदेश	55	98
16	महाराष्ट्र	161	14
17	मणिपुर	0	0
18	मेघालय	6	1
19	मिजोरम	0	0
20	नागालैंड	0	0
21	ओडिशा	532	1,889
22	पुडुचेरी	0	0
23	पंजाब	2,940	327
24	राजस्थान	5,609	11,737
25	सिक्किम	0	0
26	तमिलनाडु	0	0
27	तेलंगाना	324	20
28	त्रिपुरा	1,819	580
29	उत्तर प्रदेश	640	563
30	उत्तराखंड	6	3
31	पश्चिम बंगाल	7,885	6,827
	कुल	**27,284**	**30,750**

(स्रोत:आईएमआईएस,डीडीडब्ल्यूएस)

अनुलग्नक -III

दिनांक 25.07.2019 को उत्तर दिए जाने के लिए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 5347 के भाग (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण					
क्र.सं.	राज्य	संदूषण-वार बसावटों की संख्या			कुल
		फ्लोराइड	आर्सेनिक	नाइट्रेट	
1	आंध्र प्रदेश	429	0	4	433
2	असम	256	4293	0	4549
3	बिहार	705	804	0	1509
4	छत्तीसगढ़	281	0	4	285
5	हरियाणा	87	0	0	87
6	जम्मू एवं कश्मीर	4	0	0	4
7	झारखंड	197	19	0	216
8	कर्नाटक	262	2	140	404
9	केरल	32	0	32	64
10	मध्य प्रदेश	143	0	0	143
11	महाराष्ट्र	53	0	66	119
12	ओडिशा	92	0	0	92
13	पंजाब	330	660	131	1121
14	राजस्थान	4177	0	922	5099
15	तेलंगाना	0	0	135	135
16	उत्तर प्रदेश	119	650	9	778
17	उत्तराखंड	0	0	2	2
18	पश्चिम बंगाल	1359	7544	0	8903
	कुल	**8526**	**13972**	**1445**	**23943**

(स्रोत:आईएमआईएस,डीडीडब्ल्यूएस)